जनभागीदारी से हो जनकल्याण, योजनाओं की सफल क्रियान्विति हो : झाबर सिंह खर्रा

चूरू (निसं)। स्वायत्त शासन विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा शुक्रवार को चूरू में जनप्रतिनिधियों व आमजन से रूबरू हुए। इस मौके पर उन्होंने परशुराम भवन में आयोजित शहरी सेवा शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लाभार्थियों को पट्टे व पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत ऋण स्वीकृति के चेक प्रदान किए। इस मौके पर चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

स्वायत्त शासन विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा चूरू में जनप्रतिनिधियों व आमजन से रूबरू हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वायत्त शासन मंत्रा खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हम देश-प्रदेश को विकसित बनाने की राह पर तेजी से आगे बढ रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत उन्नित व प्रगति की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकसित प्रदेश बनने के लिए मजबूती से कदम बढा रहा है। सरकार ने आमजन को बेहतरीन सुविधाएं एक ही जगह मुहैया करवाने का काम किया है। खर्रा ने कहा कि स्वायत शासन विभाग तैयारी कर रहा है कि विभाग में सभी प्रकार की सेवाओं के आवेदन ऑनलाइन ही लिए जाएं। इसी के साथ आवास योजनाओं व भूखंडों के स्वामित्व की जानकारी भी ऑनलाइन ही की जाएगी, ताकि कोई भी नागरिक भूखंड के वास्तविक मालिक को देख सकेगा। इससे धोखाधडी जैसी गतिविधियों पर पर अंकुश लगेगा।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से समाज के कमजोरी व मध्यम वर्गीय परिवारों को योजनाओं से जोडकर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम किया है। इन शिविरों का एक लक्ष्य यह भी है कि आमजन को योजनाओं की संपूर्ण जानकारी हो, ताकि परिवेश का कोई भी पात्रा व्यक्ति वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के 10000 गांवों को गरीबी मुक्त गांव बनाने के सतत प्रयास कर रही है। इसी के साथ पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना व उद्यम प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से आम आदमी की आमदनी बढ़ाने और उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर लाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अभी प्रवासी राजस्थानी मीट भी करवा रही है। इसमें यहां के प्रवासियों को कर्मभूमि से मातृभूमि से जोडकर प्रदेश की आर्थिक विकासात्मक गतिविधियों को संबल मिलेगा और प्रदेश तेजी से विकास राह पर बढेगा। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शहरी विकास को गति देने का काम कर रही है। हमारी सरकार के सतत प्रयासों से पिछले दिनों बरसात के दौरान शहर में कहीं पर भी पानी भरने की समस्या नहीं आई। इसी के साथ सेवा शिविरों के माध्यम से हमारी सरकार ने अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं व नीति-निर्णयों की पहुंच सुनिश्चित की है। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को लाभ दिए जाने के लिए प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रतिबद्ध है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने शिविरों में प्रगति और व्यवस्थाओं की जानकारी दी तथा स्वायत्त शासन मंत्री खर्रा का स्वागत किया। आयुक्त मघराज डूडी ने शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। संचालन रवि दाधीच ने किया।

कार्यक्रम में स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा सहित अतिथियों ने संग्राम सिंह राठौड, जगदीश सिंह, सीताराम पीपलवा व मनोज कुमार शर्मा को भवन निर्माण अनुज्ञा प्रदान की और सुमन, ममता, सुनील कुमार, अजय सिंह, रतनलाल, इंदिरा कुल्हरी, सुशीला कुमारी, कुलदीप ईशराण, अमीर खान, बनवारीलाल नायक आदि को नामांतरण तथा हरिप्रसाद सैनी, महेंद्र सिंह, खेताराम, सरोज, विद्याधर, आदित्य, तनसुख राम, रामगोपाल, राममोहन मंत्रा, सावन परिहार, प्रीति अग्रवाल, अनीता मीणा, गौरव जांगिड, कैलाश कस्वां, प्रियंका अग्रवाल, शिल्पा बजाज, पंकज अग्रवाल, सुशील कुमार, किरण कंवर, इंचरज कंवर, पुष्पेंद्र सिंह, महावीर सिंह धांधनिया को पट्टे प्रदान किए। इसी क्रम में अतिथियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत जगदीश, खुशी मोहम्मद, विनोद, राजू व मोहम्मद को 50000 रुपए की प्रथम किस्त के चेक तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 अंतर्गत रचना व लेखचंद को आवास पूर्ण होने पर चाबी सौंपी।

इसी के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत जाकिर, आरिफ, सरोज, संदीप गाडिया लोहार, सुनीता, सुमन, पिंकी देवी को 25000 रुपए राशि का ऋण स्वीकृति चेक प्रदान किया और टीबी मरीजो को निक्षय पोषण किट भी प्रदान किए।

जनप्रतिनिधियों व आमजन से हुए रूबरू:- इससे पूर्व मंत्री खर्रा सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजन से रूबरू हुए तथा जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में विकास व प्रोजेक्ट कार्यों तथा ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों की प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड, बसंत शर्मा, विमला गढवाल, नरेन्द्र काछवाल, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, धर्मेन्द्र राकसिया, श्रीराम पीपलवा, आकाश, नीरज जांगिड, राजीव सहित अन्य मौजूद थे।

oeHe cenelmeJe ceveeÙee ieÙee

झुंझुनूं, (निसं)। नौरंगराम दयानंद दूकिया शिक्षण संस्थान में दीवाली के उपलक्ष में हर्षोल्लास के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। विद्यार्थियों ने दीवाली दीया मेकिंग प्रतियोगिता में आकर्षक सजावट सामग्री, दीप, थाली एवं क्राफ्ट के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने पारंपरिक एवं आधुनिक डिजाइनों से परिसर को रंग-बिरंगी छटा से सजा दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कक्षा अध्यापक के निर्देशन में इंटर कक्षाओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली व दीपक साज सज्जा में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दीपक प्रतियोगिता में दीया, शैलजा, तनिषा, ममता, कोमल, प्रिय, तनु, विजेता रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक दीपक जलाए व फूलझड़ियां चलाई। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को मिठाइयां वितरण की गई। इस अवसर पर सचिव डॉ. संदीप दूकिया ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें दीवाली की शुभकामनाएं दी। एकेडमिक निदेशक सुनिता दूकिया ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और भारतीय संस्कृति से जोड़े रखते हैं।

HB DEVELOPCON GLOBAL LLP
(C-20 METAL COLONY AMBABARI JAIPUR

आम सूचना

यतः मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 के प्रोविजन 3बी के तहत अनुमोदित योजना राजस्व ग्राम झुंझुनू खसरा संख्या 5160/2467 में स्थित ईडब्ल्यूएस/एलआईजी/एमआईजी के भूखण्डों की लॉटरी इण्डाली रोड स्थित रामेश्वरम नगर की साईट पर 24.10.2025 को निकाली जानी है। जिसमें सभी आवेदनकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि इच्छुक आवेदनकर्ता स्वयं द्वारा अर्जित आय संबंधी दस्तावेजात प्रस्तुत कर निर्धारित स्थान पर प्रात 10.00 बजे उपस्थित होकर लॉटरी में भाग ले सकते है।

निदेशक
HB DEVELOPCON GLOBAL I.I.P.

राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं से आमजन को लाभान्वित कर रही है : सहारण

चूरू (निसं)। निकटवर्ती ग्राम झारिया व सहजूसर में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं से लाभविन्त किया गया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने का काम कर रहे हैं।

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत उन्नित व प्रगति की राह पर अग्रसर है। भारत देश की अर्थव्यवस्था में लंबी छलांग लगा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। सहारण ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकसित प्रदेश बनने के लिए गांवों में मजबूती से कदम बढ़ा रहे हैं।

सरकार ने आमजन को बेहतरीन सुविधाएं एक ही जगह मुहैया करवाने के लिए सेवा शिविरों का संचालन किया है। तहसीलदार अशोक गोरा ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचन्द राहड, विकास अधिकारी महेन्द्र भार्गव, सरपंच शिवराम सिंह गोदारा, झारिया के देबुराम, रामनिवास, निसार खान, रिछपाल, हरचन्द, चेतन भार्गव, सीताराम, सुनीता, नथमल, पवन कुमार आदि उपस्थित थे।

चूरू के ग्राम झारिया व सहजूसर में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

JÙeeKÙeeve DeeÙeeepele

पाटन (निसं)। राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय नीमकाथाना में राजस्थान राज्य महिला नीति 2021, रानी लक्ष्मी बाई केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कानूनी जागरूकता व साईबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता बन्टेश कुमार सैनी (वरिष्ठ अधिवक्ता नीमकाथाना) रहे।

कार्यालय नगरपरिषद, सीकर

S. No. :- F.(7-8)/MCS/2025/ Date: यथा हस्ताक्षरित

लोक सूचना

श्री श्रवण कुमार खरींटा पुत्र श्री भागीरथमल तिलक नगर, देवीपुरा रोड, सीकर के द्वारा आवेदन भू-उपयोग परिवर्तन आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ चाहने हेतु प्राप्त हुआ हैं। अतः जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति/ऐतराज हो, तो वह इस सूचना प्रकाशन होने के दिनांक से 7 दिवस में असालतन या वकालतन कार्यालय नगर परिषद सीकर में उपस्थित होकर मय दस्तावेज लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजर/ऐतरात समाअत नहीं किया जावेगा और तदनुसार प्रकरण का निपटारा किया जावेगा।

क्र. स.	आवेदक का नाम व पता	तिलक नगर, देवीपुरा रोड, सीकर	क्षेत्रफल मौका स्थल	प्रयोजन	विवरण
1	श्री श्रवण कुमार खरींटा पुत्र श्री भागीरथमल तिलक नगर देवीपुरा रोड, सीकर	व्यावसायिक 69-ए फ्री-होल्ड पट्टा क्रमांक 732 दिनांक 28.02.2022 रकबा 88.00 वर्गमीटर एवं नामान्तरण क्रमांक 51565 दिनांक 30.06.2023,आवासीय 69-क फ्री-होल्ड पट्टा क्रमांक 1891 दिनांक 24.07.2024 रकबा 282.40 वर्ग मीटर, स्टेट प्रान्ट एक्ट पट्टा संख्या 496 दिनांक 27.07.2007 व नामान्तरण आदेश क्रमांक 72934 दिनांक 22.02.2024 रकबा 103.67 वर्गमीटर व पुनर्गठन आदेश क्रमांक 15663 दिनांक 30.01.2025 कुल रकबा 474.07 वर्गमीटर	आवासीय	व्यावसायिक	भू-उपयोग परिवर्तन

आयुक्त, नगरपरिषद, सीकर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़

क्रमांक :- न०पा०रा० / कृ०भू०/2025/18425778 दिनांक :17.10.2025

प्रारूप-10 ▪ नियम 6 (7) देखिए ▪ लोक सूचना

श्री कालू खाँ पुत्र चाँद खाँ जाति दमामी साकिन रावतसर, खातून पुत्री चाणन उर्फ चाँद खाँ जाति दमामी साकिन रावतसर, जेतून पुत्री चाणन उर्फ चाँद खाँ जाति दमामी साकिन रावतसर, दीक्षा पुत्री सुरेन्द्र प्रकाश जाति जाटव साकिन हनुमानगढ़, पुष्पा पत्नी सुरेन्द्र प्रकाश जाति जाटव साकिन हनुमानगढ, यासीन खाँ पुत्र चाणन उर्फ चाँद खाँ जाति दमामी साकिन रावतसर, रणवीर पुत्र श्योकरण जाति बाल्मिकी साकिन हनुमानगढ़, राजू खाँ पुत्र चाणन उर्फ चाँद खाँ जाति दमामी साकिन रावतसर, लीलू खाँ पुत्र चाणन उर्फ चाँद खाँ जाति दमामी साकिन रावतसर, सोम्य प्रकाश पुत्र सुरेन्द्र प्रकाश जाति जाटव साकिन हनुमानगढ़, सोरम प्रकाश पुत्र सुरेन्द्र प्रकाश जाति जाटव साकिन हनुमानगढ़, सोहनसिंह पुत्र गुरदयालसिंह जाति बाजीगर साकिन रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक औद्योगिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :- जिला हनुमानगढ तहसील रावतसर ग्राम का नाम राजस्व चक 24 डीडब्ल्यूडी तहसील रावतसर के प.नं. 157/416 (19) किला नं० 16 की 0.2530, 17 की 0.2530है०, 18 की 0.2530 है०, 19 की 0.2530 है०, 20 की 0.2530है०, 21 की 0. 2530 है०, 22 की 0.2530है०, 23 की 0.2530 है०, 24 की 0.2530 है०, 25 की 0.2020 है०, प.नं. 157/417 (30) के किला नं० 1 की 0.2530 है०, 2 की 0.2530 है०, 3 की 0.2530 है०, 4 की 0.2530 है०, 5 की 0.0880 है०, 7 की 0.2150है०, 8 की 0.2530है०, 9 की 0.2530 है०, 10 की 0.2530 है०, 11 की 0.2530 है०, 12 की 0.2530 है०, 13 की 0.2530है०, 14 की 0. 1010है० यानि कुल 5.4130 है० यानि 54130 वर्गमीटर, इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 17.10.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

खेती के संबंध में नवीनतम तकनीकी की जानकारी दी

झुंझुनूं, (निसं)। आत्मा कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को रबि मौसम पूर्व की एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें झुंझुनूं पंचायत समिति के समसपुर, प्रतापपुरा, कालीपहाड़ी, भड़ौंदा खुर्द, इंडाली, भैडा की ढाणी, बाकरा, बुडाना, आबूसर सहित विभिन्न गांवों के 100 कृषकों ने भाग लिया।

गोष्ठी में पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सहदेव सिह ने खेत की तैयारी से ही अच्छा प्रबंधन करने, फसल चक्र भूमि व बीजोपचार के बारें में विस्तार से जानकारी दी। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) शीशराम जाखड ने वर्षा जल का उचित प्रबंधन, कुशलतम उपयोग, खेती में नवाचार, फसल विविधिकरण व सिंचाई की नवीनतम पद्धितयां अपनाकर कम पानी में अधिक पैदावार लेने के बारें में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र आबूसर के मुख्य वैज्ञानिक एवं समन्वयक डॉ. दयानंदसिंह ने रबि फसलों की जिले के लिए उपयुक्त उन्नतशील व प्रमाणित किस्में, संतुलित उर्वरक प्रयोग, फसलों में कांतिक अवस्थाओं पर सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण का उचित समय व रोग कीटो की रोकथाम के बारें में विस्तार से चर्चा की।

आत्मा उप परियोजना निदेशक प्रमोद कुमार ने आत्मा योजना अन्तर्गत संचालित योजनाएं कृषक प्रशिक्षण, कृषक भ्रमण व कृषक पुरस्कार के बारें में जानकारी दी। एग्री क्लिनिक झुंझुनूं के कृषि अनुसंधान अधिकारी अनुपम महर्षि ने मिट्टी व पानी की जांच व फसलों के लिए आवश्यक पौषक तत्वों के बारें में बताया। बीटीटी कन्वेनर एवं सहायक कृषि अधिकारी डॉ. राकेश कटेवा ने कृषि विभाग की अनुदानित योजनाओं की जानकारी दी। गोष्ठी के समापन पर प्रश्नोतरी कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कृषक गौतम मीणा खतेहपुरा, प्रवीण कुमार शर्मा इंडाली व श्यामसुंदर मीणा खतेहपुरा को इनाम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जीएसएस खाजपुर नया के अध्यक्ष हरिसिंह महला, कृषि पर्यवेक्षक आबूसर जगदीश खीचड, कृषि पर्यवेक्षक खाजपुर नया पंकज कुलहरि, उद्यान विभाग के चतरसिंह भालोठिया, तपेश कुमार, नितेश कुमार सहित विभिन्न गांवों के कृषक मित्र व प्रगतिशील कृषक भी उपस्थित थे।

meemkeâelekeâ øemleele oe

झुंझुनूं, (निसं)। शहीद परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चल रहे अमृता हाट में जलेबी दौड जिसमें सुनिता प्रथम, चंद्रकला द्वितीय रही व शाम को राजीविका विभाग द्वारा सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। समारोह में झुंझुनूं एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विपल्व न्यौला व अन्य मौजूद रहे।

ceiee Š[HeâÙej keâe MeYeejYe

चूरू (निसं)। पुलिस लाइन मैदान में राजस्थान मेगा ट्रेड फेयर का भव्य शुभारंभ गुरुवार को समारोह पूर्वक हुआ। विधायक हरलाल सहारण ने विधिवत पूजा-अर्चना कर व फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मेले के संचालक सुनील शर्मा ने विधायक हरलाल सहारण सहित अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर विधायक सहारण ने मेले का अवलोकन किया और कहा कि ऐसे आयोजन छोटे शहरों में आमजन के लिए मनोरंजन और व्यापार दोनों को अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि चूरू जैसे शहरों में इस प्रकार के फेयर से स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलता है तथा नागरिकों को एक ही स्थान पर मनोरंजन, खान-पान और खरीदारी का बेहतरीन अवसर मिलता है। मेले में प्रदेश सहित बाहर के राज्यों के व्यापारी अपने उत्पादों की स्टॉल लगाते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, होम डेकोर, वस्त्र, हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी, फूड जोन और बच्चों के मनोरंजन से जुडी दर्जनों आकर्षक स्टॉलें आमजन को अपनी ओर खींच रही है। संचालक सुनील शर्मा ने बताया कि यह फेयर आमजन के लिए रोजाना 11 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा।

Deeiepevee keâe ceekeâe [ue keâjJeeF

तारानगर (निसं)। दीपावली के पर्व को मध्यनजर रखते हुए तारानगर नगरपालिका द्वारा रीको एरिया में फायर मॉक ड्रिल करवाई गई जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा आगजनी की सूचना देने पर फायर गाडी 4 मिनट में मौके पर पहुंच गई उसके बाद अधिशाषी अधिकारी अजय प्रतापसिंह के नेतृत्व में फायर गाडी को पूरे बाजार में घुमाया गया व दुकानदारों को समान अंदर रखने के लिए पाबंद किया गया ताकि फायर कॉल आने पर फायर गाडी बिना रुकावट के मौके पर पहुंच सके।

'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' थीम आधारित अष्टम पोषण माह का समापन

चूरू (निसं)। स्थानीय पेंशनर भवन महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक चल रहे अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह का समापन शुक्रवार को समारोह पूर्वक हुआ।

समारोह की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य थी। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक डॉ. नरेन्द्र सिंह शेखावत ने की।

गौरतलब है कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार थीम पर आधारित अष्टम पोषण माह का आयोजन 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक पूरे जिले में जोर-शोर से किया गया। इस दौरान उपनिदेशक शेखावत ने पोषण माह के दौरान ब्लॉक एवं आंगनबाडी केन्द्रों पर आयोजित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर्य ने पोषण, मोटे अनाज के लाभ और महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य की जानकारी दी।

जिला कलेक्टर सुराणा ने कहा कि मोटे अनाज (मिलेटस) को नियमित आहार का हिस्सा बनाना चाहिए ताकि कुपोषण और एनिमिया जैसी समस्याओं की रोकथाम की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने महिला पर्यवेक्षक, आंगनबाडी कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा कुपोषित बच्चों की पहचान कर पीएचसी-सीएचसी के माध्यम से एमटीसी सेंटर भेजने का आहान किया।

कार्यक्रम में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने थीम आधारित गतिविधियों पर रंगोली बनाई। इस दौरान अतिथियों ने गोद भराई और अन्नप्राशन की रस्म अदा की। इस दौरान छह गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई और 6 माह पूर्ण कर चूके 5 बच्चों को अन्नप्राशन करवाया गया। विभाग द्वारा दिए जाने वाले पौष्टिक पोषाहार के विभिन्न व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिससे उपस्थित लोगों को व्यावहारिक जानकारी भी मिली।

पोषण माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पर्यवेक्षक, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं और एएनएम कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सीडीपीओ सीमा गहलोत, प्रियंका, चंद्रकला शर्मा, सरोज नायक, संस्थापन अधिकारी पवन कुमार शर्मा, वरिष्ठ सहायक निखिल महर्षि, जिला समन्वयक मुस्तकीम खान, माया सरावग आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महिला पर्यवेक्षक ज्योति वर्मा व शीतल बत्रा ने किया।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 122/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री संजीव कुल्हरी पुत्र श्री मणि राम कुल्हरी निवासी वार्ड नं. 25 महिला पुलिस थाना के सामने, जीवन नगर बजाज ग्राम सीकर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास स्व. श्री मणिराम कुल्हरी शिक्षण संस्थान, जीवन नगर, चौबली रोड, सीकर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 28.11.2025

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 188/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री अभिषेक पुत्र श्री सुरेश चंदर निवासी वार्ड नं. 6 मंडावा, झुंझुनू राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास आदर्श विद्या मंदिर समिति मंडावा झुंझुनू राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 27.11.2025

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

Hejmkeâej eJelejCe meceejen DeeÙeeepele

झुंझुनूं, (निसं)। राजपूताना शिक्षा मंडल द्वारा संचालित शाह मार्केट स्थित जीबी मोदी पब्लिक विद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि विभा खेतान के आतिथ्य में संपन्न हुआ। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र जाखड सीबीईओ उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना से हुआ। संस्था प्रधानाचार्या रंजना मित्तल ने बताया कि संस्था में विशेष शैक्षिणक योग्यता के अंतर्गत प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों एवं वर्ष पर्यन्त पूर्ण उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया।

'Smee øeeleÙeeeieleeDee me «eeceeCe øeeleYeeDee keâe Deeie ye{ve keâe DeJemej eceuelee n'

चूरू (निसं)। ग्राम झारिया के गोगामेडी मैदान में राज्य स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मुस्ताक खान थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अब्दुल लतीफ कारी ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, सरपंच प्रतिनिधि निसार खान, बीडीसी मेंबर सुनील मेघवाल, भंवर सिंह, लोहिया कॉलेज के पूर्व महासचिव पुलकित चौधरी, छात्र नेता फरमान खान व युवा नेता गुलजार खान थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों ने फीता काटकर व गेंद खेलकर किया। इस अवसर पर मुस्ताक खान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण अंचल से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। ग्रामीण जनों में आपसी सौहार्द भी कायम होता है। मुस्ताक खान ने भव्य आयोजन के लिए सभी ग्राम वासियों व आयोजन कर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर इंतजार खान, मुबारिक खान, सुफियान तंवर, खुशी, फारुक खान, आदिल शेरा, आसिफ खान, आसिफ तंवर, वाहिद तंवर, मुदस्सर खान, राहुल डीगला, जुबैर तंवर, बिलाल खान, दिलशाद खान, शाहरुख खान, आसिफ खान, फरदीन तंवर, इमरान तंवर, समीर तंवर, कैफ तंवर, अरशद तंवर, हर्ष डीग्ला ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया। उद्घाटन मैच सरदारशहर व भालेरी के बीच खेला गया, जिसमें सरदारशहर विजेता रहा।

oeHeeJeuee mven eceueve meceejen 25 keâe

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास का दीपावली स्नेह मिलन समारोह शनिवार 25 अक्टूबर को छात्रावास प्रांगण में शाम को 4 .15 बजे आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए छात्रावास के फाइनेंस कंसल्टेंट झाबरमल सिंगोदिया ने बताया कि इस अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जाएगा तथा महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति की मीटिंग भी आयोजित होगी। छात्रावास के संयोजक सज्जन कुमार बबेरवाल, महामंत्री महेंद्र चुनवाल व योजना सलाहकार रामस्वरूप पीटीआई ने बताया कि छात्रावास प्रांगण में नवनिर्मित